गिरते प्रतिपग लड़ते फिरते,
निज पर बोध मिटाये मद्यप,
माँ बहनों की सोच तजेंगे,
मद्यप शासक राज्य मिटाते,
जन मन को भी मलिन बनाते,

शासक घट भर मद्य पीये तो,
शसित मधु में डूब मरेंगे।
मद्यप का घर कलह बसेरा,
चूल्हे में लघु चुहियां बसती,
नंगे फिरते पशुओं जैसे,
मान व मानवता है।
मधु के वशगत हत्या करते,
निज परिजन की मातृपिता की,

❖ ❖

शिक्षा

उत्तम गुणनिधि बापू कहते,
अनपढ़ न काम के सत्याग्रह में,
शिक्षा वह है मानव जिससे,
स्वस्थ, विज्ञानी सभ्य बनेंगे।
अनपढ़ रहे हैं शत शत लाख जो,
देहातों में कानन भुवि में,
प्राकृत रीति–रिवाज निभाये,
पशुओं संग बसेरा उनका।
उनको शिक्षित दीक्षित करके,
उत्तम भारत पुत्र बनायें,
विद्याा से जो वञ्चित रहते,
सच्चा मोचन उनका समझो।
क्यों मैं कहता बहुविध ज्यादा,
विश्व हमारा विद्यालय है,

आँखों में जो आँख रखे वे,
दर्शक जानते मर्मधरा का।
यों चिन्तित थे नरवर बापू,
हिन्दी प्रचरण करने लगते,
जहां कहीं बापू पग धरते वहां,
हिन्दी प्रचरण प्रचुर बना था।
अनपढ़ अशिक्षित दुर्बल पीड़ित,
जो जन शत शत लाख रहे है,
उनका अभ्युत्थान निभाने,
सेवाग्राम बनाया प्रभु ने।
हिन्दी प्रचरण खादी निर्मिति,
नाना विधि के धंधों द्वारा
बेकारी को दूर हटाये,
अक्षर दान दिया करते थे।
हिन्दी माध्यम शिक्षा पद्धति,
सबसे उत्तम कालोचित थी,
जन जन में यह नत्य तरीका,
सुलभ बना जन जाग पड़े थे।
ढाई अक्षर हिन्दी पढ़कर,
कबिरा उन्न्त संत बने थे,
बाल्मीकी दुभव सिद्ध बने थे,
ऐसी महिमा अनंत नहीं है।
इसको तजकर आँगल पढ़ते,
बढ़िय्या कहते गर्वित रह्ते,
माता को निज तजकर कितने
पर नारी के दास बने है।
मक्खी एचनी गोथन से नव–
रतु न पय को चख न सकेगी,
वैसे कतिपय आँगल प्रेमी,

मूल्यच्युति के पात्र बने है।
पुण्याश्रम में सेवक गण को,
नवनव शिक्षा दी जाती थी,
साँझ सबेरे स्तुति गीतों से,
मुखरित रहता पुण्याश्रम था।
अनपढ़ बने थे पण्डित उसमें
दुर्बल सबल ढगी सतवादी,

पांचवा अध्याय

संगठन

आँसू सदापि प्रिय है चिर दुःखियों को
यों कातरा भरत भूमि शताब्दियों से,
मां की पुकार सुन वीर नरोत्तमों ने,
सोचा कि दें हृदय की एधिराप्बुधारा।
ज्ञानी, व्रती, श्रमिक , कर्षक कर्मचारी,
छौने, नयोजन, पुरोहित मुरुध साधू, (मुक्त)
मानी, धनी नृप वरेण्य पदाधिकारी,
नाना स्तरीय जनता दल में पहुँची।
आँगल सज्जन ह्यूम महाशय,
उत्तम भारत मित्र रहे थे,
उनसे स्थापित काँग्रेस द्वारा,
मोचन पथ अतिविपुल हुआ था।.
पंकिल कीचडियों में पंकज,
उगते बढ़ते गंध बहाते,
आँगल में भी सज्जन रहते,
मंगल दाता सत्पथ गामी।
सत्याधिष्ठित संस्था वह थी,
निस्तुल सबविधि विश्रुत जग में,
सेवा व्रत में तत्पर जनतनि,
दल दल में नित भरते लगती।
सेवाव्रत था धागा उससे,
मानव रतन पिरोये जाने,
भूषण एक नवीन धरी थी,
भारत माँ नित मंगल गात्री।

कर्मक, कर्मठ, वणिक धनी थे,
शिक्षक शिक्षित, नियम नियन्ता,
नाना स्तर के मानव त्यागी,
संस्था में नित जुटते रहते।
जन हृदयों में सत्याग्रह की,
छवि भरते थे निशिदिन बापू,
उद्‌बोधन से जनगण जागे,
तन मन धन तज रण भुवि निकले।
गोपाल कृष्ण जी गोखले विश्रुत—
ज्ञानी महारथी मंच पर आगये,
क्रोधाभि भूत पर संयमी दक्ष थे,
श्वाताधिपत्य को ललकारते रहे।
बाल गंधाधर त्यागी तिलक जी,
लाल में मान्य थे विज्ञान वारिधि,
श्वेताधित्य के घोरान्त कार को,
बालार्क बिम्बसा उच्चाड़ने लगे।
जीवराज मेहता विख्यात कीर्ति थे,
भावाभि भूत बन भारतोद्वार में।
रुसतमे में हिन्द थे रुसतम महाबली,
अस्त भय युद्ध में अग्रसर बन गये।
विद्याधिराज थे मालवीय प्रभु,
मध्यान्ह मार्ताण्ड जैसे विराजते,
विद्याभिवृद्धि पर ध्यान देते हुए,
उद्यमी युद्ध की विद्या सिखा रहे।
राजर्षिताण्डव निकल पड़े भीष्मवत्,
राजते थे युद्ध भूमि की भूवि थे।
ओज से सैन्य को साजते थे मह्म—
राजयोगी विराजे थे प्रजापति।

बाबू रवीन्द्र नाथ ठाकुर बृहस्पति,
विश्व में शान्ति का संदेश वाह थे,
स्वाधीन देश की चातकी को,
स्वाति नक्षत्र से ज्ञान पीयूष बरसते।
चित्तरञ्जन दास विकाश तुल्य सब,
वृत्तियां त्याग कर युद्धोद्यमी बने।
मत्तमसंग से विध्वंस कर श्वेत—
पत्तियों को पराभूत करते चले।
लजपथ राय जी लाला महाबली,
उग्र प्रतिज्ञा निभाते रहे कभी,
संगराध्यक्ष हो क्रोधी महारथी,
अग्रेसरों में विराजे महामति।
चक्रवर्ती राज गोपाल आचार्य,
विक्रमी व्यूह को सम्पन्न कर रहे।
राजेन्द्र बाबू सदा सत्य धर्मादि,
पालते जूझने मैदान में चलचे।
सीमाधिवासी महाकाय रणदक्ष,
अब्दुल गफूरखाँ पहुँचे महार थी।
उग्र प्रतापी महामना मोतीलाल,
अग्रदूतों में विराजते थे सदा।
विख्यात से घोर झंझा मचा रहे।
भूलाभाई देशाइं शील मर्यादादि,
पालते सेवकों को चलाते रहे।
देवी सरोजनी नांयडू कोकिला,
भारतोद्याान की मधुप्रास चन्द्रिका।
गान पीयूष से उद्वेग सदे पराभूत
लोगों को जगाती रही सदा।
आचार्य भावे विनोबा दृढव्रती,

आगमान्तस्थित ज्ञानधारा बहा,
त्याग के बीज को सब कहीं बो रहे,
भोग सब छोड़कर लोग बढ़ने लगे।
सिस्टर निवोदिता आनी बसन्त जी,
कस्तूरी बा भी निकल पड़ी जग में।
कैलास नाथ जी कटज् महाव्रती,
शैलाधिराज से शोभायमान थे।
गोविन्द पंत जी पाण्डित्य से,
बुरे पंथियों को सही पंथी बना रहे।
अब्दुल कलाम जी आजाद सर्वोच्च,
सत्य का आकार, सत्याग्रही बने।
संग्राम मार्ग को सम्पन्न कर बिना,
संकोच के चले त्यागी दृढ़व्रती।
सम्पूर्ण आनंद दाता महामति,
सम्पन्न कर रहे संग्राम लक्ष्य को।
श्वेताधिपता के विषवृक्ष को बिना,
शस्त्र के निर्मूल करने झपड पड़े।
वीराग्रणी महादेवजी देशाई,
श्वेतान्ध कार में चन्द्रसा बन गये।
जाकिर हुसैन दयावारिधि दैत्य की,
वाहिनी को पराभूत करते चले।
सुब्रह्मण्य महाकवि भारति,
सर्वाराध्य पहुँचे अगुआ,
सरदार पटेल बर्दोली के,
गरज कर निकले समरांगन में।
गीखनचारी केसरिमानो,
श्वेत मृगोंपर टूट पड़े थे,
मेषदलों पर लकड़बग्घा,

मानों झपड़कर भय उपजाना।
पंडित नेहरू परम प्रतापी,
झुण्ड़ लिये निज साथ पहुँचे,
मण्डित करने जनमंडल को,
दण्ड़ सभी के दूर हटाते।
दादाभाई नरौजी थे,
दानव दलका परमवि रोधी,
दारिद्र पीड़ित जन सञ्चय को,
देने नव नव बोधन रण का।
नरिमन कुशल महागुण राशी,
गरज कर निकले समर भुमि में,
गरुड़ समाज प्रताप सुधा से,
गोरे गरल मिटाने लगते।
मागध कर्षक व्रजभूषण जी,
विजय पिपास् जाग पड़े थे,
निजकाम काज तजे थे सबके,
हित को सार्थक करने निकले।
श्रीयुत श्रद्धानंद तपस्वी,
अमर शही दबने रण में,
उनका चिन्तन करना अपना,
धर्म रहा यों कहना सुनिये।
राजकुमारी अमृत कौर औ,
राजकुमारजी शुकल नरोत्तम,
भारत भूषण मालव्या अरु,

❖ ❖

चम्पारन (मगध)

प्रभु! राम! तुम्हीं अब साथ रहो, चिर संचित संकट दूर करो
श्रीराम तुम्हीं नित साथ रहो परतंत्र हमारा दूर करो। प्रभु राम.......
तन, मन, जान निहारे है—प्रभु,
मातृ, पिता, गुरु, बंधु तुम्ही,
पतित जनों का त्राणन प्रण—प्रभु,
अगति हमें तुम सतत रखो। प्रभु राम..........
हिन्द हमें मकरंद रहा,
हरिचन्दन सा सुगंदित है,
परतंत्र हटे स्वयं तंत्र म्लि,
अब मंत्र हमें प्रभु 'राम' रहा। प्रभु राम.........
द्वंद्व बढ़ा हम चञ्चल है प्रभु,
वञ्चित है, सित संकुल से,
अन्तक रिपुज्यों ध्वंस करो कि—
चिन्तन शांति खिले जग में। प्रभु राम........
उत्तम नृप मुकुट महामणि निस्तुल शासन विधि से,
वद्धित यश धवल विभा से नाम अशेक अनोखा।
अमराप्सर विद्याधर गण तुष्ट हुए थे दिव में,
कहते यों "देवानांप्रिय" मागध परम प्रतापी।
साम्राज्यों की उन्नति अवनति,
उदयास्तमय समान रही है,
उस पर चिन्तन सन्नत करके,
उन्नत अनुभव प्राप्त करेंगे।
जब नंदों के अवनति काल में,
मौर्य नृपों ने उन्नति पायी,
उनके यश की रजत विभा से,

आलोकित था देश हमारा।
हिन्दुस्तान के अक्ष्य धन का,
परदेशों को बोध हुआ था,
उत्तर पश्चिम द्वार खुले थे,
उद्वत शठ दल झपड़ पड़े थे।
हूण व शक दल लुकछिप निकले,
ह्येय ननिर्दय रण कौशल से,
हेम व रतन धन हड़प चले थे,
हिंसक पशु ज्यों मृग शावक को।
मृगचर्मों के वसन धरे थे,
मान या राज या मानवता नहीं,
मनुष्याकृति मन पशुओं का था,
मानव कहना कठिन रहा था।
मठ मंदिर सब तोड़े जाते,
गलियों में आग लगायी जाती,
आश्रम वासी मारे जाते,
सखियाँ अपमानित की जाती।
ग्रंथ गृहों में आग लगी ज्यों,
विन्ध्याचल में दावानल था,
खलिहानों को आग लगाते,
आतंक मचाते थे जन जन में।
हत्या करना लूट लगाना,
सत्य व धर्म का मर्म बताने,
धर्म व कर्म व जाति बदलना,
सुरपुर का नव मार्ग बताते।
अत्याचारी हत्यारों की,
कुत्सित कृत्य सदापि चली थी,
शोषण अन्तिम ध्येय रहा था,

परदारामह परधन हारी।
गोर निवासी गोरी निकला,
गीधों का दल मानों झपटा,
दशकों तक का समर चला था,
देशी नृपगण विघटित रहते।
गजनवी निज बहु सैनिक लेकर,
लूट लगाने निकल पड़ा था,
जो कुछ सामने दीख पड़े थे,
वे सब हड़प कर भाग चला था।
तुर्कों के दल झपट पड़े थे,
पारसियों ने लूट लगाया,
अफगानों ने लाभ उठाये,
अरबों को भी लाभ हुआ था।
धार्मिकता का पहनावा था,
आर्थिक शोषण ध्येय रहा था,
जो कुछ शेष रहा था उन पर,
गोरों की भी दृष्टि पड़ी थी।
पुर्तगालों ने राह दिखायी,
पीछे फ्रेंच व आँगल निकले,
सबके पीछे आँगल पर वे,
मेघाबल में सब से आगे।
अतलान्तिक के मछुए बैठे,
हिन्दुस्तान के सिहांसन में।
घर के मालिक पतित बनें तो,
झूठे साधू बिटिया के पति,
तस्कर रक्षक भण्डार घर के,
भिक्षुक उत्तम सज्जन भाञ्जा।
भवन सराय सलोना परिवार,
आवारे बन छाने गलियाँ,

पूजागृह में श्वान व चूहे,
राजे उपमा भारत की थी।
गोरों का शासन था नहीं भीषण शोषण विधि की,
ज्वाला या विषपादप कटु गरल उगलता रहता।
तट तरु की छाया में ज्यों गीध छिपे शव खाते,
नियमों की शीतलता में सुख से शोषण करते।
चम्पारन नील रुहों का पालना था युग युग से,
उससे था जीवन वृत्त किसानों का रचजाता।
खेतों में नीलरुहोकुर उगने छवि भरते थे,
कर्षल के मानव तट में आशा हंस चहकते।
बिटिया का व्याह किसी की चिन्ता में चमका तो,
दूसरे का भव्य विचार चिरन्तन तीर्थाटन में।
तीसरे के मन में बेटा इकलौता था उस वेग,
सर्वोत्तम शिक्षा देकर उत्तम पुरुष बनाये।
ऐसी बहु चिन्तासर में डूब रहे कर्षक तो,
तीन कठिया ओले पड़ते आशांकुर दहजाने।
व्रजभूषण मागध कर्षक बापू के पहिं पहुँचे,
विनयानत होकर बोले "कार्षिक जीवन बिगड़ा।
एक ओर थी तीन कठिया की रीति कुरीति सताती,
दूसरी ओर जनहित कुचला जाना सर्कार द्वारा।
नियमों की जंजीरों से जकड़ी जाती जनता,
दुरितार्णव लहरों में जब डूब रहे प्रभु सुनिए"
उसने यो चम्पारन का चित्र रचा दिखलया,
उसके साथ झहुति पहुँचे चम्पारन में बापू।
प्रभु ने की जाँच समझे गतिविधि कृषको की,
स्वस्त्ययन समर्पित करते थे द्विज मंगल दाता।
सत्य है जग में नित्य सौख्य का रास्ता जीवन–
मुक्त है देशप्रेमी आर्नरक्षक भी होंगे,

शुद्ध चेतना तभी हत्कमल में खिलती,
भक्ति भाव से मोचन मर्त्य जा सकते होंगे।
(यह सन्नकवि पाट्टणत्तु पिल्लै की तमिल भाषा की काव्य शैली है। यह गाने योग्य है—ने ञ्चरिविलक्कम)

❖ ❖

रणनीति

जगदोद्धारक बापू अपने
भारत रण की नीति सुनाते,
नरवीरों ने नतमस्तक हो
रण कौशल के पाठ सुने थे।
"हिन्दुस्तान के भाई बहिनों,
अपने रण की नीति सुनोगे,
तीसरा रण यह भारत भुविका,
उसकी अपजय हो न सकेगी।
सत्य सतीत्व बनाये रखने,
प्रभु रामने रण कूच किया था,
दूसरा जो था भारत उससे,
धर्म बचा था द्वापर युग में।
कलि में नीति हमारी बदली,
हिंसा तजकर युद्ध करेंगे,
सत्य हमारा शस्त्र रहेगा,
उसकी अपजय हो न सकेगी।
उसकी साधना हो न सकेगी।
उसकी साधना यदि करना तो,

उन्नत सत्य निभाना होगा,
जिसमें उन्नत सत्य रहेगा,
शत्रु नहीं वह मित्र हमारा।
शासन के कर चार जिन्हें,
धन, सैन्य, विधान सहयोग कहेंगे,
उन्हें यदि हम छेद सकें तो,
शासक निष्क्रिय निष्प्रभ होंगे,
पहला कर है धन जिसको वे,
करके द्वारा सञ्चित करते,
छेदो उसको कर बंदी की,
पैनी छुरि से अलग करोगे।
दूसरा कर है सैनिक आवेग,
कवच बनाये शासक रखते,
जनवाहिनि की बाढ़ बढ़े तो,
सेना उसमें डूब मरेगी।
सैनिक वहां निज शस्त्र उठाते,
जहां नर हत्या निर्मम चलती,
हिंसा तजकर मेघा बल के,
रण में सैनिक निष्प्रम होंगे।
सैनिक का काम दण्ड विधान है,
उस पर सोच विचार करेंगे,
दण्ड तभी दे सकते शासक,
जब वे दण्डित परिमित रहते।
परिमिनियों को पार करोगे,
दण्डित दण्डी भेद मिटेगा,
शासक शासित भेद मिटेगा,
नव्य विधान तुम्हारा होगा।
तीसरा कर है नियम व्यवस्था,
उस पर सोच विचार करेंगे,

मेघाबल के बल पर उसका,
हल कर सकते हितकर होगा।
नियम रहे हैं द्विविध धरा में,
लिखित व अलिखित नियम कहाते,
उनमें उत्तम अलिखित रहना,
उसका रक्षण धर्म हमारा।
सत्य अहिंसा अस्तेय दया,
अपरिग्रह निस्संग सभी से,
स्वाश्रय शील व शम दम निष्ठा,
अलिखित नियम सनातन जग के।
जिस पर चलना जग यह सारा,
उसका लंघन धर्म नहीं है,
यदि नर उसका लंघन करता,
चन्द क्षणों में राष्ट्र मिटेगा।
कोटिकरों से आहुति कर लो,
देशी चिन्तन ध्यान सदा हो,
पूर्णाहुति जब अर्पित होगी,
गोरे भारत छोड़ चलेंगे।

❖ ❖

उद्योगवाद

नर वर कुलमणि बापू कहते,
"उद्योगों पर ध्यान लगाओ,
घर घर लघु लघु यंत्र सजाये,
नव नव उपज बनाते जाओ"।

नट्न भारति

भारत देश सुविस्तृत जिसमें,
थल जल विभव समृद्ध रहे हैं,
उसके जन जन श्रमिक रहे जो,
सबविधि लायक कुशल रहे हैं।
सब को यदि काम देना हो तो,
लघुयंत्रों को सजा कर उनसे,
अपनी माँग पर ध्यान लगाये,
सृजन नवीन निरन्तर कर लो।
जन जन मिलकर झुण्ड बनायें,
लघुयंत्रों से सृजन करोगे,
देशी माँग निभायें जिससे,
देश हमारा स्वाश्रित होगा।
नीड बनाती कुररी जैसे,
जाल बनेगी लघु लघु मकड़ी,
वैसे उपज नवीन बनाये,
उसका नकल न कोई करते।
बेकारी द्रुत दूर हटेगी,
अलसन नहीं रह सकते है,
कर कौशल की चमक बढ़ेगी,
उसकी महिमा अनतन होगी।

छठा अध्याय

जालियाँवाला

अद्भुतकर विद्रुमगिरिनिभ सिद्धिविनायक अपनी
उज्वल पद्कमलविभा इस जन मण्डल में बरसे।
उद्धनसित शासक दिन प्रति हत्याकाण्ड मचाते,
रक्षित हो उनसे मानव भारत पूत धरा के।
गोरों ने समझ लिया कि जनावलि जाग पड़ी तो,
रौलट के नियमों का नवजाल जंजाल बिछाये।
जालों की जंजीरों में जकड़ पड़ी जनता यो,
हिल न सकी डुल न सकी थी चीख न चिल्ला सकती।
अनमोल छबीली कारीगरि की चमक मिटाने,
उंगलियाँ उनकी काट रहे जो कारीगर थे।
नवरतन भरे जो भण्डार घर थे नृपनि गणों के,
लूट रहे उनको धमकी देकर चतुर लुटेरे।
भारत को निर्बल निष्क्रिय मूल्यच्युत करने को,
बंगाल का विभाजन करके जड़मति मुदित बने थे।
भोजन का भाव बढ़ाने नमक पर कर लगवाने,
भक्षण को नरसकर जनजन राजपथों में मरने।
उचीडिन साधक सत के सज्जन सत्पथगामी,
सह न सके सुन न सके थे सोच न सकते कोई।
बाग सजा जालियाँवाला जहां जन जन पहुँचे थे,
प्रकट हुए रोष व शोक निरीह निहत्थे जन के।
नारे से कम्पित नभ था गिरि संकुल हिलते थे,
मुखरिन थी प्रतिध्वनि चहुँदिशि चंचल भूमाता थी।
आषाढ़ घटों के जैसे क्षुभित पयोनिधि जैसे,
विस्फोटन ज्वाला मुखि के जैसे नरवर गरजे।

"रौलट के नियम निरंकुश निठुर निकाले जाये,
हिन्दुस्तान अमर रहे जय भारत माँ की जय हो।"
कुपित हुए गोरे निजबहु स्फोटक शस्त्र सजाये,
आडायर थे नेता सहित पहुँचे जालियाँवाला।
झांकों पर वृकदल गज छौनों पर केहरि जैसे,
लघु झषपर मगर व हंस दलों पर गीध सरीखे,
उरगों पर विनतासुत सुर दल पर दानव जैसे,
निर्दोष निरीह प्रजा पर निष्ठुर टूट पड़े थे।
'ओंडायर था नेता नीच निहत्थों का हत्यारा,
हत्या को युद्ध समझते उसने शस्त्र चलाये।
स्फोटन के भी करख से कान फटे जन जन के,
बिजली सी चमकी ज्वाला आँख न दीखपड़ी थी।
व्यथिता थी माताएँ मृत पुत्रों पर चिपटी थी,
कलप रही वीर कथाएँ बहुविध भावमयी थी।
विधवाएँ की जड़ सहलाती चिल्लाती,
हा नात मनोहर भैया छिन में किधर चले तू ?
लेते ही क्यों न चला तू मुझ अभागिन को भी ?
लेते ही क्यों न चला तू मुझ अभागिन को भी ?
खोलो मुँह अवगुन मेरे छमिय जरा निरखो तो।
छौने है तेरे जैसे नटखट चीख चिल्लाते,
केहि भाँति समझा दूं इन नादानों को कह दो।
साध्वी का रोदन जल नहीं सह सकती यह धरणी,
द्दगजल था कारण पाञ्चाली का भारत रण का।
दिङ्मुख थे विकल व व्रणित विवर्ण हुए थे उसकी
प्रति छवि थी दीखपड़ी उस रंगीन मोहित नद में।
परछायी बहुतों की थी दीखपड़ी उस नद में,
गोरों की निठुराई के जो जन रसद बने थे।
रेड इन्डियन नादानों की परछाई चमकी थी,
अफ्रीकी श्याम नरों की परछाई भय देती।

बंगाल की तंग गुफा में जितने निधन हुए थे,
उनकी भी भीनिद प्रति छवि नाच रही उस नद में।
कल बल से छल से खल के जितने मृतक बने थे,
उनके प्रतिबिम्ब भयानक दीखपड़े थे भाई।
मिट्टी के रंग व ढंग जभी बदलेंगे जग में,
पुतलों का रंग तभी परिवर्तित निश्चय जानो।
मानव के रक्षक कहते गोरे बाँक पुकारते,
मलिन मना समझ रहे यह जग है गूंगा बहिरा।
युग.युग तक सुन ले नरकुल नरहत्या की गाथा,
पढ़ले अरु याद रखें परतंत्र भयानक जग में।
संतों के संतानों का त्याग न व्यर्थ हुआ था,
उससे सुलगी थी धधकी परिवर्तन की ज्वाला।
जय जानकिनाथाजनार्दन जनिमृति दायक शौरे।
मत मारुति सेवित मरतक मणिनिभ पाहि नमस्ते।
वर नीलसरोरुह पूत पदों पर तन मन अर्पित करने,
पर तंत्र हटा दो तापत्रय का मलिन मिटा दो
कुम्भोद् भव जम्भाराति मुख्यामर वन्दित पदको,
सन्तत हम चिन्तित हो ध्रुव शांति सनातन साधें।
जय जानकिनाथाजनार्दन जनिमृति दायक शौरे।

❖ ❖

चौरीचौरा

हत्याकाण्डमचाये गोरे
स्वस्थ सुरक्षित भवन पहुँचे
सत्यछिपाने जग से बहुविध

मिथ्यावाद प्रकाशित करते।
जिनका निधन हुआ था उनका,
सन्नत सहचर व्यथित हुए थे,
बंधु जनो पर चिन्तित जनता,
हंत पहुँची चौरी चौरा।
सत्याग्रह को ध्येय बनाये
सत्पथ गामी लाख पहुँचे,
हत्यारों से बदला लेने,
उद्धत सेवक लक्षाधि थे।
नाना प्रांत व ग्रामनिवासी,
नाना वेषविधान सजाये,
मानवता का की शान बचाने,
तनमन धन तज रण भुवि निकले।
पाटो सहित पहुँची थनियाँ,
कंकड़ सहित पहुँची बिटियाँ,
छुरियों सहित पहुँची छलियाँ।
वंग कलिंग व कोंकण दल थे,
तुंग तरंगों जैसे गरजे,
आँगल दल का गरब मिटाने,
शंका रहित पहुँच चुके थे
मंच सजा जो सन्नत उसमें
सेनानायक राज रहे थे,
हत्यारों की निन्दा सबविधि
भीषण भाषण देने लगते।
नेतागण को कैद बनाने,
गोरे सैनिक उछल पड़े थे,
सेवक गण के साथ जनावलि,
टूट पड़ी थी गतिविधि बदली।

बिजली जैसी बात पहुँची
घर घर में जनसंचय जागे,
जनवाहिनि थी बहने लगती,
जन सागर था चौरी चौरा।
गलियों में या चौराहों में,
गोरे साहब दीख पड़े तो,
लात पर लात लगायी जाती,
कूपों में भी फेंके जाते।
शत शत थाले जलने लगते।
थानेदार भी मारे जाते,
कनल खाने उनाय जले,
मधुशालाएं ढहती रहती।
गोहत्यारे गोचर होतो,
मर्मत निश्चय किस्मत बढ़िया।
हत्या निष्फल सिद्ध हुई तो
गोरे साहब छिपने लगते।
बंदूकों को तजकर बहादुर
तरुओं पर भी चढ़कर छिपते,
पुल के नीचे वन–बागों में,
पीपों में या गिरि गह्वर में,
छिपकर जान बचाते गोरे,
दर्शक हाहाकार मचाते।
ज्यों शशदल को चीते चीरते
बकुल दलों को बाज कुचलते
वैसे आँगल दल को जनता,
खींच खसीट कर नोच रही थी।
आहत गोरे कातरता से,
शिबिरों की ओर सरक रहे थे,
उनके रुदन पर दुःखित बापू,

कहने लगते सेवक गण से।
"हिन्दुस्तान के भाई बहिनों,
हिंसा उत्तम मार्ग नहीं है,
सत्याग्रह का मरम सुनाता
कान लगाकर सुनिए कृपया।
हिंसा का फल प्रतिहिंसा है,
उससे अपना काम न होगा,
प्रतिहिंसा के कोपानल में,
ध्येय सभी का बिगड़ पड़ेगा।
मेघाबल के संगर का नाम,
सत्याग्रह है सुनिए कृपया,
जिसमें अविरल मेघाबल है,
अलिम विजय उसकी होगी।
मानव से नहीं वैर रहेगा,
दुश्चरितों से लड़ना पड़ता,
उसका कारण जड़ता नर की,
जड़ता मन का सहज रहा है।
तप से मन को शुद्ध करोगे,
सत्य खिलेगा द्वति भरदेगा,
सबमें तेरी प्रतिछवि होगी,
शत्रुत्व मित्र समान बनेंगे।
गोरों के इन दुश्चरितों से
लड़ते हैं हम मेघाबल से,
नर हत्या से नर की उन्नति
कर नहीं सकते कोई जग में।
अपने तप से पर के मन को,
शुद्ध बनाना धर्म हमारा,
उनके मन में सत्य खिले तो,
शत्रु नहीं वे मित्र हमारे।

सत्याग्रह का शस्त्र हमारा,
निस्तुल जग में विश्वविजेता,
सबके हित की रक्षा करने,
सत्याग्रह का शस्त्र उठाओ।
कुत्सित स्वार्थ निभाने कोई,
सत्याग्रह का शस्त्र न लोगे,
उसको स्वार्थ निभाने,
सत्याग्रह नहीं अत्याग्रह है।
मैं निज मन को शुद्ध बनाने,
अनशन व्रत में लग जाता हूं,
जब तक हिंसा बंद न होगी,
तब तक हड़ताल स्थगित रहेगी।
ऐसी शिक्षा देने बापू
अनशन तप में दीक्षा लेने,
तत्क्षण हड़ताल बंद हुआ था,
शांत हुआ था चौरी चौरा।

❖ ❖

झंझा

बतलाता जालियाँवाला आँगल दुश्चरितों को
दिखलाता चौरीचौरा प्रतिहिंसा की ज्वाला।
बर्दोली कहती रहती विजय कथा कृषकों की,
अब सुनिये झंझा का विकराल भयानक खको।
लाहौर के काँग्रेस का जो अधिवेशन था उसमें,
उत्तम नरवीरों ने की अग्रप्रतिज्ञा सुनिये।

पंडित जी परम प्रतापी नेहरु अग्रासन में,
अन्यस भी नेतागण भी साथ विराज रहे थे।
आह्वान हुआ था संगर व्यापक सत्याग्रह का,
निर्देश यथाविधि सबको देने थे जननेता।
"तो सुनिये भाई बहिनो देश पुरातन अपना,
शतकों का लीलास्थल यह परम पवित्र हमारा,
मोचित हो तन मन धन तज अब का धर्म यही है।
परिजन निज विरहानल में जलकर राख बने हो,
प्रतिपग रिपु मारक शस्त्र समेत हमें ललकारें,
तजसकते सहचर हमको रणभुवि विमुख बने हो,
संगर में पीठ दिखाना काम है का पुरुषों का।
इस पथ में कितने पुरखे अमर शहीद बने जो,
हड्डी के टुकड़े उनके ढेर पर ढेर लगे है,
उनमें लुकु छिपकर मृत्यु हमें नित भीत बनाये
संगर में पीछे मुड़ना कायरता है भाई।
मोचन का पथ यह कण्टक पूर्ण जहाँ पर सुनिये,
खूँखार वृक रिपुदन छिपकर मौका ताक रहे हैं,
नियमों के जाल बिछाये आखेटक ज्यों छिपते,
जकड़ पड़े यदि तो हत्या, मृत्यु, चिरन्तन पीड़ा।
अंधियारे बंदीगृह में बंदी बनकर तडपें,
सन्तत निज जान बचाने अन्तक से लड़ना हो,
सत्पथ में दृढ़ता से भय रहित बढ़ें हम भाई,
तन मन धन प्राण समर्पित करके मोचन पाये।
गरज रहें तोपे शार्यद छिन्न बनें जड़ अपनी,
अलक की परछाई पग पग पर भीनि जगायें,
दुरित भरी रुधिर नदी को तैर कर पार उतारे,
इह पर गति करतल में हो रोक न सकते कोई।
मृत्युञ्जय तब तक अपने परम पिता रमि मैया,

उत्कट द्दग गात सदागति तनय रहे नित साथी,
उद्धत सित शासक तब तक विजय न पा सकते है,
वर्द्धिन बल वीर्य पराक्रम सहित बदें जय पायें''।
नेता के उद्बोधन से मुदित हुए जनगण थे,
चिरचिन्तित चाल पर मिलजुल चलते अविकल गति से।
शिक्षित यों सेवक दल बल निज निज प्रांत पहुँचे,
व्यापक हो संगर जिससे सब विधि सफल बनायें।
उत्तर में संचालक थे नेता पंडित नेहरू,
दक्षिण के प्रांत समुच्चय देख रहे राजाजी,
पश्चिम में पटेल भाई संचालक रहते थे,
पूर्वोत्तर भाग पर राजन बाबू सेवक नेता।
बल्लभ जी पंत महारथ शिखिर सखि विराजे,
भारत का मध्यविभाग सुरक्षित सबविधि उनसे।
पाँचों पर अंकुश निज रखते थे यनिवर बापू,
गोरों के आन व शान व मान मिले मिट्टी में,
गरब घटा कपट मिटा धन मद का धूर्त हटा था।
उदय हुआ बोध न जानते थे कि किया क्या जाये,
दुविधा में पड़कर शासक गण थे चिन्तित रहते।
लक्षाधिक सुरमंदिर थे खुलते झाँकी चमकी,
दीपजले स्वागत था सब हरिजन–गिरिजन कुल का।
युग युग से वञ्चित ये जन दर्शन का सुख पाये,
नाच उठे गाते थे स्तुति कीर्तन भाव विभोर थे।
अछूत न थे यदि हो तो वे जो परदेशी थे,
मतभेद मिटा था यदि था तो वह शास्त्रार्था में।
विघटन का वाद मिटा था यदि था तो वह उनमें,
जिनका मन परदेशों में पग भारत में रखते।
अद्भुत थी रण की पटुता विजय रथी यनिष्ट की,
सत्याग्रह उत्तम तप की रीतिरिवाज निराली।

चर पहुँचे लन्दन उनसे सम्राट समझ चुके थे,
विप्लव की लपटें भड़क उठी है हिन्दुस्तान में।

❖ ❖

मंत्रणा

सजग हुआ महल, पहुँचे सचिव सभी बैठक थी,
चर्चा थी भारत की यह क्रांति दबायें कैसे ?
प्रस्तुत थे सक्षम सचिव सभी उस गूढ सभा में,
प्रश्न किया सम्राट ने "क्या चलता हिन्दुस्तान में ?"
कह दो चर इतना विप्लव किसके श्रम से चलता ?
बतला दो सत्य न छिपना दिल्लीपति करता क्या ?
नियमों का पालन करता है कि नहीं वह कह दो ?
चाह रहे क्या वे हमसे कौन है नेता उनके ?"
"सुनिए तो कृपया भारत जनता जाग पड़ी है,
प्रभु सत्ता माँग रहे वे एकात्मक है दृढ़ है।
करते वे सत्याग्रह और अस्सहयोग, न जानते,
मतलब क्या ? भाषा तक हम समझ न पाते कोई।
नेता है गाधी तूती उसकी बोल रही है,
तर्जनी पर उसकी नाच रही है भारत जनता,
नियमों का लंघन कर की बंदी, नमक निकालना,
स्वेच्छा से जेलखानों को भरना नित का वोई।
शासन की बाग फटी, हम बिगड़े, रथ निश्चल है,
दिल्लीपति प्रमुख रथी दुविधा में, कातरता में।
"बंदीगृह हैं नहीं क्या ? वहां दण्ड विधान नहीं क्या ?
फाँसी पर क्यों न चढ़ा सकते इन दुर्मतियों को ?"

"कहते वे स्वेच्छाचारी बंदीगृह परुदीसा,
हथकडिया काञ्चन कंकण फाँसी कल्पक माला,
सागर है लीलाकुण्ड सनातन सत है साक्षी,
अंतक है सन्तत सहचर संगर जीवन लीला"
"विघटन की नीति चलाई क्यों नहीं उनमें जिनकी,
जाति रही सहस कई अरु धर्म कई शत रहते ?
देशी नृप रहते शत शत भाषाएँ भी रहती,
आपस का वैर बढ़ाना उनमें सरल नहीं क्यों ?
विघटित कर राज्य चलाना पुरखों का चिरनय है,
उस पथ से विचलित हो तुम क्यों भयभीत बने हो ?
उत्तर के प्रांतों में वह नीति सही फल मिलता,
धर्मों के नाम पर झगड़ा सतत चलाते रहते।
भाषा पर जात पर फूट पड़ी पर प्रबल नहीं है,
कहते वे ये सब अपने घर की बात रही है।
देशी नृप कतिपय सत्याग्रह में हाथ बँटाते,
अपर रहे निश्चल निजनिज स्वार्थ पर अडिग रहे हैं।
हत्या से बंदीगृह से ताछन पीडन विधि से,
सत्याग्रह मोर्चे पर कुछ असर न पड़ता सुनिए,
अपने जन कतिपय उनके साथ मिले है उससे,
टिकना हो यदि कुछ आन उपाय विचार करेंगे।"
"तो कह दो, आज उपाय तुम्ही निज अनुभव ज्ञान से,
सुन लूँ वह स्वीकृत, जिससे शासन सुदृढ़ बनायें"।
"सद्भाव निभायें शायद सम्भाषण के द्वारा,
अपना मत स्वीकृत हों तो विजय हमारी होगी।
गांधी यहाँ आमंत्रित हों सादर राजमहल में,
समझ सकें उभय मतों को जिसमें उलझन सुलझें।"
सम्राट ने न्योता भेज दिया था चरके द्वारा,
बापू को गोल मेज स्वीकृत थी वे लन्दन पहुँचे।

मित्रों के सहित निरीक्षण करते लगते बापू,
लन्दन पुर की जब प्रगति कहाँ तक पहुँच गयी थी ?
जो था वह पहले अब नहीं उन्नति पर वह चढ़ता,
यंत्रों के ढेर पर ढेर लगे वे चहुँ दिशि चमके।

❖ ❖

गोलमेज

उत्तम मित्र समेत महात्मा,
सत्तम लन्दन नगर पहुँचे,
पद्धति मध्ये निरख रहे है,
विस्तृत पुर की वद्धित महिमा।
यंत्र विधान विशाल वहां पर–
तंत्र किसी को अनुभव था नहीं,
मंत्र विमुग्ध रही ज्यों चिन्ता,
यान्त्रिक युग का मान्त्रिक पुर क्या ?
उसका राज रहा था सब कहीं,
जिसके बिनु काम काम न चलते,
सब कहीं चमक दिखाता वह जो,
सर्वाधीश्वर पश्चिमियों का।
जोत रहा वह खेत कहीं कहीं,
कूट रहा वह सड़क जहां कहीं,
काट रहा है चीर रहा है
नोट बनाकर ढेर लगाता।
स्नान कराता पाचक करता,
दान किसी का लेता भी नहीं,

धोता सीना दुहता बुनता,
''कहिए कृपया श्रीमन गांधी,
हिन्दुस्तान की गतिविधि कैसी ?''
''जैसे आपने समझ रखा है
वैसी गतिविधि हिन्दुस्तान की''
''सन्न सरीखे दुबले पतले,
पूरे वसन न भर पेट भखते,
इतना सरल व ललित रहे क्यों ?
नेता भारत कहिए कृपया।''
''मैं हूँ सेवक उनका जो है,
भूखे नंगे वह पीड़ित है,
इतना भी प्रति शीर्ष न होगा,
आय जिसे मैं व्यय कर पाऊँ।''
''सुनता हूँ आप नियम न मानते,
देते कर नहीं, नमक निकालते,
सत्ता के प्रति वैर बढ़ाते,
नागरिकों में भ्रम उपजाते।''
उन नियमों को मानते है जो,
अनलिख युग युग से वहां चलते,
सत्य, अहिंसा, अस्तेय दया,
अपरिग्रह निस्सग सभी में,
श्रुविवचनों पर विश्वास पुनरपि,
स्वाश्रयशील बढ़ते रहना,
स्वार्थ बिना परमार्थ निभाना,
अभ्युत्थान सभी का करना,
जिनसे जनता कुचली जाती,
जिनसे लोग फँलाये जाते,
जिनका ध्येय न जनहित होता,

उन नियमों का लंघन करते।''
करके द्वारा संचित धन से,
करदाता का श्रेय न होना,
परदेशों का कोश बढ़ाने,
कर नहीं देते नर मेघावी।
नमक रहा है सस्ता तब भी,
उस पर बर्द्धित कर लगवाते,
सागर का वरदान रहा जो
उसको लेना हक हमारा।''
न्योता मैंने भेजा आपको,
कारण उसका सुनिये कृपया,
भारत शासन सुदृढ़ बनाने,
आपका योग प्रदान करें क्या ?''
चाह हमारी प्रभुस चाहै,
उसको पाना ध्येय हमारा,
यदि आप कृपया भारत छोड़ें,
सुदृढ़ बनेगा देश हमारा।
''आपको यदि हम मोचित कर लें,
शासन का क्रम कैसे होंगे ?
गण शासन या एकाधिप या
सैनिक शासन ग्गीकृत होगा ?''
''मोचित भारत गण शासन से,
सुदृढव सक्षम होगा सुनिए,
अभ्युत्थान सभी का करने,
विश्व कुटुम्ब विधान करेंगे।
सर्वोदय नव राष्ट्रधरा में,
सर्व हितों का रक्षक होगा,
अपने पुरखे नर वीरों का,

मन है वसुधा कुटुम्ब रहेगी''।
''यदि कहीं रिपुदल झपड़ पड़ें तो,
सत्याग्रह से सामना हो क्या ?
सापुध संगर फूट पड़े तो,
सद्वचनों से रक्षित हों क्या ?''
''मोहाकुल रिपु रोगी रहता,
उसको उत्तम शस्त्र चिकित्सा,
सत्याग्रह के समर पथ में,
शस्त्र चिकित्सा वर्ज्य नहीं है।''
''गण शासन के दायित्वों से,
परिचित है नहीं भारत जनता,
नृप शासन से परिचित जो है,
उनका मोचन खतरा होगा।''
''लिक्ष्वावी में गण शासन था,
बहुमत शासन वैशाली में,
चिर परिचित हम गण शासन से
उत्कंठा की बात नहीं है।''
चर्चा यों थी उभय दलों में
अंतिम निर्णय हो नहीं नाय,
निश्चित समय टला तब दो,
विरन हुए थे सम्भाषण से,
बोले सम्राट श्रीमन गांध,
धन्य हमारा सम्भाषण था,
लन्दन पुरमें स्वागत आपका
पुनरपि होगा, यात्रा शुभ हो।

● ●

सातवां अध्याय

भारत छोड़ो आंदोलन

प्रभु मेरे नृत्य विधान तिहारे विपुल निराला,
उड़ते जो रजकण उससे विश्व अनेक प्रकटने,
हिलते जब गगन जड़ातन झरती सुर सरिताएँ,
पदयुग के ताल सरीखे स्पंदन जीवन जगत का,
विधुरविद्दग निशिदिन वैश्वानर छवि बुद्धि सभी की,
अहिकुल प्रभुसत्ता बाल शशांक किरीट निहारे,
ऐसे प्रभु मेरे मानव पट में सतत विराजें,
जिसे यह भारत मोचन गाथा सफल बने हों।
उन्नीस सौ वर्ष बयालीस सबविधि उत्तम अपने,
मोचन का अध्यादेश तभी निकला यनिवर का।
सम्पन्न हुआ था संसद सूर्य सुनासर सविधे,
पहुँच गये नाना प्राब्भनिवासी सेवक दल में।
बंगाल के तुंग महारथ बाईस लाख पहुँचे,
उत्कल के जन सेवक थे उससे दुगुने तिगुने।
दक्षिण के सत्पथ गामी पच्चीस लाख पहुँचे,
गुर्जर दल वीर मराठों सहित कई लाख निकले।
पंजाबी, मोटे जाट व मागध पहुँचे,
लगभग वे गिरिनिकरों से तेईस लाख रहे थे।
लिक्ष्वावी लक्षधिक थे लक्षद्वीप निवासी,
लक्षण युत दक्ष सभी विधि सहस्राधिक पहुँचे थे।
अष्टपथी श्रमण तथागत शिष्य सहस्र रहे थे,
साथ रहे सहस्रधिकवर मीमॉसक हठयोगी।
पांडे थे पंडित पादरी मौलवी मानव वादी,

शैव तथा शक्तियादि पहुँचे सहस्त्र निरालीस।
कहना क्यों ज्यादा बहुविध अगणित सेवक पहुँचे,
मानों नव दिल्ली डूब रही थी जन सागर में।
मंच जहां विस्तृत वहां यनिराज विराज रहे थे,
अन्य सभी नेतागण भी साथ विराज रहे थे।
बहुधा निज चरखो सहित पहुँचे सूत बनाने,
कतिपय लघुगीता, मानस, उपनिषदादि लिये थे।
स्वाध्याय व तप, जप, कीर्तन, चर्चा जहाँकहीं चलती,
एकात्मक भाव विभोर हो सतके साधन चमके।
विश्रम के समय सभी निज स्नानाचमन निभाये,
भोज को बैठे सेवक सज्जित भूपर सुख से।
निज निज रुचि के अनुसृत सब खाद्य पदारथ लिए थे,
गांठों को खोलकर देने लेने मिलजुल खाते।
परसे जो खाद्यपदारथ बहुविध षड्रस पुन थे,
भंखने थे उनको सेवक गण निज भूख मिटाने।
पापड़ थे सिंधी कदली फल थे नाना विधि के,
श्रीकंठ व पूडी नारंगी रस इडली चटनी।
रसगुल्ला सार ओसाण व प्रथमन माखन रोटी,
आचार व पचडी खिचड़ी दूध मलाई पेड़ा।
हलवा के साथ मुरब्बा अंगूर कटहल मीठा।
उड़द बड़ा निलगुढ घृत दधि माहिष आम की पचडी,
बहुशन विध भारत भोजन महिमा अनत न भैया।
भोजन की गंध सुगंध उड़ी थी पहुँची दिव में,
ईर्ष्या से कहने सुरगणै धिक धिक देवामृत भी।"
सबके सब खादी धवल धरे थे सिर पर टोपी,
गाते थे "रघुपति राघव" भाव विभोर बने थे।
उत्कट बल वीर्य व साहस वर्द्धित थे जन जन में,
सत्पथ में निज तन मन धन अर्पित सेवक सब थे।

संसद की तुग विराट सभा को निरखकर बापू,
उद्घोषण करते "आँगल शासक भात तज लें।
अविलाम्बित जनसंचय से प्रतिधुनियां निकली थी,
तत् क्षण ही "आँगल शासक भारत छोड़ो छोड़ो"।
सत्यव्रती सत्पुरुषोत्तम निजकर ऊपर उठाये,
बढ़ते थे आगे दिल्लीपनि को दूर भगाने।
धीरे से अविचल मोर्चा "रघुपति राघव" गाने,
दिल्ली की ओर बढ़ी थी झण्डे सब फहराते।
क्षीरोदधि क्षुभित बना या उमड़ पड़ी सुरसेना,
या झझा झकझोरता या खण्ड प्रलय मचा था ?
तैनात रहे जो आँगल सैनिक जहाँ कहीं मग में,
निष्क्रिय थे निष्प्रभ थे ज्यों अरुणोदय में जुगुनू।
बढ़ते थे चढ़ते थे जन धवल नगधिप दलज्यों,
गरज रहे निर्भयता से "आँगल भारत छोड़ो"।
हिलते थे गिरिकुल कम्पित नभ था धरती तड़पी,
प्रतिधुनि थी मुखरित चहुँदिशि दिड्मुख कलुष बजे थे।
आसेतु हिमाचल वासी जन जन सजग हुए थे,
गरज उठे घोरारव में "आँगल भारत छोड़ो"।
गिरते थे द्रुमदल जलानी गलियाँ पुल ढहते थे,
झरते थे पत्थर गोली बरसी, रुधिर बहा था।
जलते थे शकट मगों में बरसे आयस गोल,
बंद हुए गमना गमन व वार्ताविनिमर ाबके।
स्थगित हुए वाणिभ मण्डल कार्यालय कारखाने,
निश्चल थे पहरे कान न देते शासक गणेका।
सैनिक थे चञ्चल हथियार तज वे शांत खड़े थे,
सित शासक निजनिज कक्षाओं में छिपने लगते।
गोरों से शिक्षित भारत सैनिक बिगड़ पड़े थे,
निष्क्रिय थे निस्सहयोग निभाये शांत खड़े थे।

जलते थे कत्ल खाने मधुरशालाएँ दहती,
मद्यपनिज मधुपान तजकर बनने सत्पथ गामी।
आमिष तज गोरे शासक सत्य पर भूख मिटाने,
सत्याग्रह समर सबको सबका पग दिखलाना।
गोरों को देखकर बालक चुटकी दे दे पूछते,
"रे रे सेठ क्यों नहीं जाते भारत तजकर कहे दै।
हत्या या हिंसा थी नहीं शस्त्र प्रहार नहीं था,
सुध बुधबिनु गोरे साहब अपने आप डरे थे।
अद्भुत कर युद्ध छिड़ा था सबका भारत भुवि में,
उद्धत सिन शासक भय से छिपते निज निज घर में।
झाँक रहे कतिपय गोरे वातायन खोलते थे,
मानों लघु गिलहरियाँ चढ़ती है तरु निकरों में,
कतिपय निज शस्त्र छिपाये लुक छिप करते वन में,
मानों निज धार्मिक बल की च्युटिं से मुँह न दिखाते।
छिपते थे पीपों में अए पुल के नीचे बिल में,
बहुतेरे कुटियाँ सज सज तपास बनकर बैठे।
कतिपय नव नकली दाढ़ी चिपके मुँह में दौड़े,
गनिवेग बढ़ा तो दाढ़ी झरती तजकर भागते।
कूपों में छिपते कतिपय दौड़े निबिड वनों में,
बहुतों ने शस्त्र समुच्चय बेचा भूख मिटाने,
सित नर की गतिविधि बिगड़ी थिर नहीं भाग्य किसी का,
उत्थान व पतन सभी के भाग्य पर बदल कर आते।
गर्वित सित शासक निज प्रभुसत्ता रक्षित रखने,
शस्त्रों या सैनिक बल के आश्रय में रहते थे।
सतकी जो ज्वाला उज्जवल भड़क उठी धधकी थी,
शस्त्रों का मिथ्या बल था निर्बल दुर्बल निकला।
संसार के सज्जन संध पुकार कर ऊँचे स्वर में,
गरज उठे सत्याग्रह है चिर विजयी कलियुग में।

इतने में लन्दन पुर में सम्राट समझ गये थे,
उनका जुऑ टूटा गोकुल भारत मुक्त हुआ है।
(उनका जुऑ टूटा गोकुल भारत मुक्त हुआ था)

❖ ❖

चिरविजयी

"मंगल के साथ अमंगल प्रकृति नटी की लीला,
उसका यह कार्य–कलाप न जानत मानव कोई।
पुचकारती है वह अपने प्यार भरे इक कर से,
ताडन भी देती दूसरे कर से प्यारी माई।
बापू का धर्म सनातन जो था विदित धरा में,
उसका सद्भाव न समझ सके थे कतिपय हिन्दू।
चिन्तन था उनका अपने मन को उन्नत करना,
औरों की निन्दा करना अपना करतब रहता।
जग के सब धर्मों पर सम्भाव बढ़ाने बापू,
लोगों को समझाते थे सच्चा धर्म यही है।
कुपित हुए बापू से वे कट्टर पंथी हिन्दू,
मानों दिनकर को मलिन बनाता ग्रहण विषैला।
बापू जब अपने प्रतिदिन भजन निमग्न रहे थे,
हत्यारे भगतों के मित्र पहुंचे भजन सभा में।
प्राणान्तक शस्त्र प्रहार से हनन हुआ बापू का,
राम रामिनि रटते रटते बापू सुरपुर पहुंचे।
स्तब्ध हुए जड चेतन जग मानो प्रलय हुआ था,
हाहनि विलाप कलाप से मुखरित थल जल नभ थे।
तप्तहुए विरहानल में शत शत सत्पथगामी,
आत्माहुति करके बापू संग पहुंचे दिव में।


संसार के सज्जन निवह पुकारि पुकारि कर गरजे,
बलिदान अनोखा यह है निरुकल सत है साक्षी।
चिर विजयी बापू ने जड त्यागा पर वहां पहुंचे,
जहां अपना धाम चिरन्तन शांति सनातन साधे!"

❖ ❖

राष्ट्रगीत

जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता
पंजाब सिंधु गुजरात मराठा, द्राविड़ उत्कल बंग
विन्धय हिमाचल यमुना गंगा, उच्छल जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशीष मांगे,
गाहे तव जय गाथा।
जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता
जय हे! जय हे! जय हे!
जय, जय, जय, जय हे।

जय हिन्द



एन. दामोदर कुरूप ने केरल विश्वविद्यालय से हिंदी में विशेष योग्यता प्राप्त की है। 65 वर्ष की आयु में उन्होंने जीवन के 35 वर्ष विभिन्न स्तरों पर हिंदी पढ़ाने में व्यतीत किए। प्रमाणिक उपदेशक के रूप में वह केरल हिंदी प्रचार सभा के भी सदस्य हैं।

आज तक उन्होंने दो पुस्तकें लिखी हैं : हिंदी में नटन भारती और दूसरी मलयालम में। उन्होंने भारतीय साहित्य की चुनी हुई पुस्तकों का भी अनुवाद किया है जो इस प्रकार है। 1. 'संपूर्ण अवतारवाणी'—लेखक संत अवतार सिंह—मलयालम में अनुदित 2. नौ धार्मिक शास्त्र—लेखक : आचार्य नरेन्द्र भूषण मलयालम से अंग्रेजी में अनुदित 3. 'महर्षि का ऐक्यवाद'—लेखक : श्री राजेन्द्र जिज्ञासु—हिंदी से अंग्रेजी में अनूदित।

GANDHI SMRITI AND DARSHAN SAMITI

Gandhi Smriti and Darshan Samiti (GSDS) was formed in 1984 by the merger of Gandhi Darshan at Rajghat and Gandhi Smritri 5, Tees January Marg. The basic aim and objective of the Samiti is to propagate the life, mission and thoughts of Mahatma Gandhi through organising various socio-educational and cultural programes.

Gandhi Smriti

Gandhi Smriti at 5, Tees January Marg, New Delhi is now a national memorial where the epic life of the Father of the Nation ended on Friday, January 30, 1948.The hallowed house treasures many memories of the last 144 days of his life. The exhibition on the Mahatma, the room he lived in and the prayer ground where he fell a martyr with God's name on his lips attract a large number of visitors every day. The atmosphere reverberates with the *bhajan* he liked most, *Easwar, Allah, tere naam*. . . .

International Centre of Gandhian Studies

Situated closed to the Gandhi Samadhi at Rajghat, on a 36-acre land, where previously Gandhi Darshan exhibition was housed, is ***the International Centre of Gandhian Studies*** which came into being during the 125th birth anniversary of Mahatma Gandhi. The Centre is an attempt to offer research and guidance facilities to scholars from India and abroad, documentation of various peace initiatives and it seeks to provide all kinds of inputs on Gandhi and allied subjects at one place. At present the Centre provides a comprehensive exhibition on Gandhi, conference halls, camping facilities for major national and international meets & library, children's corner, photo unit and a publication division. The centre also publishes a Journal of information and ideas.